बड़ा अच्छा लगता है,
खाटू आना दिल लगाना,
तुम्हे रिझाना सांवरे,
बड़ा अच्छा लगता हैं।।

तर्ज बड़े अच्छा लगता है।

तूने ही तो दे दिया है,
बिन मांगे जग सारा,
तेरी कृपा से चल रहा है,
बाबा मेरा गुजारा,
तेरा दिया ही खाते है,
हम सारे घर वाले,
तेरे दीवाने सांवरे,
बड़ा अच्छा लगता हैं।।

तुमसे ही पहचान मिली और,
तुमसे है शान हमारी,
तेरी बदौलत बाबा मैंने,
जिंदगी है संवारी,
अपने सपने लगते थे,
जब ना थे तुम मेरे मन में,
इस जीवन में सांवरे,
बड़ा अच्छा लगता हैं।।

छूकर तुमने मुझको बाबा,
अनमोल कर दिया है,
सोचा ना था जो मैंने कभी भी,
तुमने वो सच कर दिया है,
सपने बुने जो हवाओं में,
उनको पर दो एक नज़र दो,
पूरा कर दो सांवरे,
बड़ा अच्छा लगता हैं।।

रो रो कर असुवन धारा से,
मैंने तुमको पुकारा,
ना जाने किस रूप में आकर,
पग पग मुझको संभाला,
राठी तुझमे ही खो जाए,
नमु गाये ये तराने,
अफ़साने सांवरे,
बड़ा अच्छा लगता हैं।।

बड़ा अच्छा लगता है,
खाटू आना दिल लगाना,
तुम्हे रिझाना सांवरे,
बड़ा अच्छा लगता हैं।।

Singer Namrata Karwa

Source:
https://www.bharattemples.com/bada-acha-lagta-hai-khatu-aana-dil-lagana/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw